**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 19.09.2020**

## THE TRIBUNE

# WEBINAR ON ACADEMIC LEADERSHIP

**Faridabad:** A national webinar on 'Academic leadership in the context of the National Education Policy-2020' was organised by DAV Centenary College. Officiating principal Savita Bhagat shed light on the importance of the theme. Vikas Kumar, dean, academic affairs, JC Bose University of Science and Technology, YMCA, highlighted the various aspects of the policy. Prof RS Bawa, Pro-Chancellor, Chandigarh University, Mohali, spoke on academic leadership and various dimensions and possibilities inherent in the policy. Chief guest Prof BK Kuthiala, chairperson, Haryana State Higher Education Council, shared his perspective on the four layers of leadership that were crucial in any organisational setting and equally pertinent for the success of the New Education Policy as well as for realising the vision inherent in it.

The Tribune Sat, 19 September 20
https://epaper.tribu

**NEWS CLIPPING: 19.09.2020**

## PUNJAB KESARI

# तकनीकी शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों को गुणवत्ता मानकों पर प्रशिक्षण देगा विश्वविद्यालय

**■ एआईसीटीई ने शिक्षकों के प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण के लिए जेसी बोस विश्वविद्यालय से किया समझौता**



*चेयरमैन प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे के साथ समझौता हस्तांतरिक करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।*

फरीदाबाद, 18 सितम्बर (ब्यूरो): अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) ने तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता मानदंडों को लेकर शिक्षकों के क्षमता निर्माण के लिए संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने तथा उन्हें सर्टिफिकेशन देने के लिए जेसी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी बोस विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के साथ समझौता किया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने एआईसीटीई चेयरमैन प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे के साथ एआईसीटीई मुख्यालय, नई दिल्ली में भेंट की तथा परस्पर सहयोग के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। दोनों ने अपने संस्थानों की ओर से समझौता पर हस्ताक्षर भी किए। इस अवसर पर एआईसीटीई के वाइस चेयरमैन प्रो. एमपी पूनिया तथा सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार और जेसी बोस विश्वविद्यालय प्लेसमेंट, एलुमनी और कॉरपोरेट मामलों के डीन डॉ. विक्रम सिंह भी उपस्थित थे। कुलपति ने कहा कि यह साझेदारी तकनीकी शिक्षा में उच्च मानक प्राप्त करने और तकनीकी संस्थानों की क्षमता में सुधार लाने के लिए एआईसीटीई की गुणवत्ता पहलों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। एआईसीटीई के चेयरमैन प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे ने विश्वविद्यालय के साथ समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त की और विश्वविद्यालय को एआईसीटीई गुणवत्ता पहलों के कार्यान्वयन के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। समझौते के तहत जेसी बोस विश्वविद्यालय परीक्षा सुधार, एनबीए प्रत्यायन और प्रक्रिया, एआईसीटीई द्वारा निर्धारित मॉडल पाठ्यक्रम, नवाचार के प्रारंभिक चरण में बौद्धिक संपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करेगा।


पंजाब केसरी ई-पेपर
Sat, 19 September 2020
Edition: faridabad kesari, Page no. 3

**NEWS CLIPPING: 19.09.2020**

**HINDUSTAN**

# एआईसीटीई संग एमओयू किया

**फरीदाबाद।** जेसी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी बोस विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने शुक्रवार को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) के साथ एमओयू किया है। इसके तहत तकनीकी मानदंडों को लेकर शिक्षकों की जानकारी बढ़ाने को संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

साथ ही उन्हें एआईसीटीई की ओर से प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। संस्थान के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने एआईसीटीई चेयरमैन प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे के साथ एआईसीटीई मुख्यालय, नई दल्लिी में मुलाकात कर आपसी सहयोग के विभन्नि मुद्दों पर चर्चा की।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 19.09.2020**

**NAVBHARAT TIMES**

# तकनीकी शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों को प्रशिक्षण देगी यूनिवर्सिटी



■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता मानदंडों को लेकर शिक्षकों की क्षमता निर्माण के लिए संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा व उन्हें सर्टिफिकेट भी देगा। इसके लिए एआईसीटीई ने जेसी बोस यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू साइन किया है। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने एआईसीटीई चेयरमैन प्रफेसर अनिल के साथ एआईसीटीई मुख्यालय में मुलाकात की और परस्पर सहयोग के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। दोनों ने अपने संस्थानों की ओर से एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए। इस अवसर पर एआईसीटीई के वाइस चेयरमैन प्रफेसर एमपी पूनिया व सदस्य सचिव प्रफेसर राजीव कुमार, जेसी बोस यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट व कॉरपोरेट मामलों के डीन डॉ. विक्रम सिंह भी उपस्थित थे। एआईसीटीई के साथ समझौते के तहत जेसी बोस यूनिवर्सिटी परीक्षा सुधार, एनबीए एक्रीडेशन व प्रक्रिया, एआईसीटीई की तरफ से निर्धारित मॉडल कोर्स जैसे विषयों पर शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण व क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करेगा।

**NEWS CLIPPING: 19.09.2020**

**AMAR UJALA**

# शिक्षकों को प्रशिक्षण देगा जेसी बोस विवि

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता के लिए जेसी बोस विश्वविद्यालय से करार किया है। इस करार के बाद विश्वविद्यालय अब संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करके तकनीकी शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों को प्रमाणपत्र देगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने एआईसीटीई के चेयरमैन प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे के साथ नई दिल्ली में शुक्रवार को मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। दोनों अधिकारियों ने अपने संस्थानों की ओर से समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एआईसीटीई के वाइस चेयरमैन प्रो. एमपी पूनिया, सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार और जेसी बोस विश्वविद्यालय प्लेसमेंट व कॉरपोरेट मामलों के डीन डॉ. विक्रम सिंह भी उपस्थित रहे। ब्यूरो